अपने अधिकारों को जानना

जाने से पहले

वोट देने जाने से पहले चेक कर लें कि आपका वोटर रजिस्ट्रेशन सही और अपडेट है। आपका वोटिंग सेंटर कहाँ है और कितने बजे खुलता और बंद होता है, यह भी पता कर लें। जानकारी के लिए **apiavote.org/states/** देखें, अपने काउंटी के चुनाव कार्यालय से पूछें, या **1-888-API-VOTE (1-888-274-8683)** पर कॉल करें। मिडटर्म चुनाव से पहले और बाद में अपना रजिस्ट्रेशन ज़रूर चेक करें।

1-888-API-VOTE (1-888-274-8683)

apiavote.org/states

वोट देने के लिए कौन-सी **ID** चाहिए, यह पहले पता कर लें। हर राज्य के नियम अलग हो सकते हैं।

अपना फ़ोन पूरा चार्ज करके ले जाएँ। साथ में पानी और कुछ खाने के लिए भी रख लें।

☑ जल्दी वोट **(Early Voting)** दे रहे हैं? अपने इलाके में वोट देने की तारीख, जगह और आखिरी तारीख पहले चेक कर लें।

हो सके तो किसी दोस्त, परिवार के सदस्य या पड़ोसी के साथ वोट देने जाएँ।

वोटिंग सेंटर पर

- अगर आपको कोई दिव्यांगता है, अंग्रेज़ी समझने में मदद चाहिए, या बैलेट भरने में मदद चाहिए, तो आप अपनी मदद के लिए किसी को साथ ला सकते हैं।
- अगर आपको अपनी भाषा में मदद चाहिए, तो पूछें कि आपकी भाषा में बैलेट या दूसरी जानकारी उपलब्ध है या नहीं। आप यह भी पूछ सकते हैं कि वहाँ कोई ऐसा पोल वर्कर है जो आपकी भाषा बोलता हो।
- वोटिंग सेंटर ऐसी जगह होना चाहिए जहाँ दिव्यांग लोग भी आसानी से पहुँच सकें और उन्हें ज़रूरत के हिसाब से मदद मिल सके।

कोई सवाल है या बैलेट भरते समय कोई गलती हो गई? **पोल वर्कर (Poll Worker) से मदद माँगें। ज़रूरत हो तो आप नया बैलेट भी माँग सकते हैं।**

अगर वोटिंग सेंटर बंद होने के समय आप पहले से लाइन में हैं, तो लाइन में ही रहें। आपको वोट देने का अधिकार है।

अगर आपके वोटर रजिस्ट्रेशन या वोट देने की योग्यता को लेकर कोई समस्या हो, तो प्रोविज़नल बैलेट (Provisional Ballot) के बारे में पूछें। यह कैसे काम करता है, आपको क्या देना होगा, और बाद में कैसे पता चलेगा कि आपका वोट गिना गया या नहीं—यह भी पूछ लें।

अपने अधिकारों को जानना

सुरक्षित रहें

⚠ अपने आस-पास क्या हो रहा है, इस पर ध्यान दें और अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ शेयर न करें।

⚠ पोल वर्कर **(Poll Worker)** और चुनाव अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें।

⚠ अगर आपका सामना पुलिस या फेडरल एजेंट **(Federal Agent)** से हो, तो शांत रहें, थोड़ी दूरी बनाए रखें और उनके काम में दखल न दें। अगर वे आपको रोकें, तो आप शांति से पूछ सकते हैं, "क्या मैं यहाँ से जा सकता/सकती हूँ?" अगर वे आपको हिरासत में लें या आपकी तलाशी लेने की इजाज़त माँगें, तो आप कह सकते हैं, "मैं तलाशी के लिए इजाज़त नहीं देता/देती हूँ," और किसी वकील से बात करने के लिए कह सकते हैं।

⚠ किसी को वोट देने से डराना, धमकाना या उस पर दबाव डालना फेडरल कानून के खिलाफ है। अगर कोई आपको वोट देने से रोक रहा है या वोट देने में परेशानी पैदा कर रहा है, तो पोल वर्कर या चुनाव अधिकारी को बताएँ।

⚠ अगर ऐसा करना सुरक्षित हो, तो जो हुआ उसकी जानकारी लिख लें, फोटो या वीडियो लें, या किसी और तरीके से रिकॉर्ड रखें। अगर किसी की सुरक्षा खतरे में है, तो तुरंत इसकी सूचना दें।

मतदाता हॉटलाइन

मतदाता सहायता या मतदान के बारे में प्रश्नों के लिए हमें कॉल करें

द्विभाषी सहायता अंग्रेज़ी, मैंडरिन, कैंटोनीज़, कोरियन, वियतनामी, बांग्ला, उर्दू, हिंदी, पंजाबी और तागालोग भाषाओं में उपलब्ध है।

याद रखें, आपको मतदान स्थल पर अपनी पसंद का इंटरप्रेटर साथ लाने का अधिकार है, बशर्ते वह आपका नियोक्ता या आपके श्रमिक संघ (यूनियन) का प्रतिनिधि न हो।

1–888–API–VOTE

1–888–274–8683